संख्या-234/2024/I/688608/2024/23-11099(099)/149/2024

प्रेषक,

अभय प्रताप श्रीवास्तव,

अनु सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,

लोक निर्माण विभाग,

उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक: 10-07-2024**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2024-25 में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पाट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्य योजना के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-8730/CE-HQ1/RS/MBD/2024-25, दिनांक 13-05-2024, पत्र संख्या-8864/CE-HQ1/RS/MBD/2024-25, दिनांक 30-05-2024, पत्र संख्या-8942/CE-HQ1/RS/MBD/2024-25, दिनांक 05-06-2024 एवं पत्र संख्या-9232/CE-HQ1/RS/MBD/2024-25, दिनांक 28-06-2024 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्य योजना के अधोलिखित तालिका में अंकित 09 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल रू0 78.47 लाख (रूपये अठहत्तर लाख सैतालिस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/प्रावैधिक/बचत/ बचत के उपरान्त लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
1	प्रा0ख0 बिजनौर	जनपद बिजनौर में वर्ष 2022 में चिन्हित बिजनौर नूरपुर छजलैट मार्ग (राज्य मार्ग-76) स्थित ब्लैक स्पॉट गोलबाग चौराहे का सुधार कार्य।	9.54 9.54 0.90 8.64	7.63	0.58
2	प्रा0ख0 बिजनौर	जनपद बिजनौर में वर्ष 2022 में चिन्हित बिजनौर नूरपुर छजलैट मार्ग (राज्य मार्ग-76) स्थित ब्लैक स्पॉट नूरपुर मार्ग (कृष्णा कालेज) का सुधार कार्य।	19.99 19.99 1.26 18.73	15.99	1.80
3	प्रा0ख0 बिजनौर	जनपद बिजनौर में वर्ष 2022 में चिन्हित धामपुर नूरपुर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) स्थित ब्लैक स्पॉट धामपुर (नीन्दइ) का सुधार कार्य।	11.57 11.57 0.61 10.96	9.26	1.15
4	प्रा0ख0 बिजनौर	जनपद बिजनौर में वर्ष 2022 में चिन्हित पानीपत खटीमा मार्ग (राज्य मार्ग सं0-12) स्थित ब्लैक स्पॉट प्रयास चौराहे का सुधार कार्य।	6.22 6.22 0.58 5.64	4.98	0.38
5	प्रा0ख0 सम्भल	जनपद सम्भल में मुरादाबाद फर्रूखाबाद मार्ग एस0एच0-43 पर ब्लैक स्पॉट धन्नूमल पेट्रोल पम्प तिराहा वर्ष	90.44 90.44 0.38	52.41	28.00

asanadesh.up.nic.in

		2016 के सुधार सौन्दर्यीकरण चौड़ीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक सुधार का कार्य।	90.06		
6	प्रा0ख0 सम्भल	जनपद सम्भल में मुरादाबाद फर्रूखाबाद मार्ग एस0एच0 43 पर बदायूँ चुंगी (बी0एस0 407) वर्ष 2016 का दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक सुधार का कार्य।	72.05 72.05 0.21 71.84	28.39	25.00
7	प्रा0ख0 सम्भल	जनपद सम्भल में मुरादाबाद फर्रूखाबाद मार्ग एस0एच0-43 पर पत्थरा मोड़ (बी0एस0 408) वर्ष 2016 का दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक सुधार का कार्य।	69.98 69.98 0.21 69.77	41.34	20.00
8	प्रा0ख0 बिजनौर	वर्ष 2021 में चिन्हित बदायूँ बिजनौर मार्ग (राज्य मार्ग-51) स्थित ब्लैक स्पॉट बवनपुरा चौक का सुधार कार्य।	4.70 4.70 0.45 4.25	3.76	0.49
9	प्रा0ख0 मुरादाबाद	वर्ष 2021 में चिन्हित मुरादाबाद में पुराना एन0एच0 24 दिल्ली बरेली लखनऊ मार्ग पर स्थित ब्लैक स्पॉट डबल फाटक का सुधार कार्य।	6.50 6.50 0.23 6.27	5.20	1.07
			योग:-		**78.47**

<u>नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों</u>

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की समस्त शर्तो का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 में निहित निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 78,47,000 (रूपये अठहत्तर लाख सैतालिस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054043371400

http://shasanadesh.up

दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में चिन्हित ब्लैक स्पाट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा संबंधी कार्य मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- प्रमुख अभियन्ता (ग्रामीण सड़क), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
9- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
10- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
11- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
12- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
13- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
14- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
15- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
16- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
17- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in